दिसंबर 2023 के दौरान मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण कार्यकलाप संचालित किए गए:

1. **विकसित भारत संकल्प यात्रा -**

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पूरे देश में चल रही **विकसित भारत संकल्प यात्रा** में सक्रिय रूप से शामिल है। मंत्रालय **"मेरी कहानी मेरी जुबानी (MKMZ)"** पहल में भागीदारी कर रहा है जिसमें लाभार्थी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पोषण अभियान और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) स्कीमों के बारे में अपने अनुभवों और से उनके जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताते हैं।

वीबीएसवाई डैशबोर्ड के अनुसार, मंत्रालय के 88,646 से अधिक लाभार्थियों (पोषण अभियान से 48543 और पीएमएमवीवाई से 40103) ने अपने अनुभव बताए हैं। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय के तहत स्कीम को संपूर्णता प्रदान करने के उद्देश्य से यात्रा के दौरान पात्र लाभार्थियों का "ऑन-स्पॉट पंजीकरण" भी किया जा रहा है, अब तक मंत्रालय की विभिन्न स्कीमों के तहत 1.29 लाख ऑन-स्पॉट पंजीकरण किए जाने की सूचना दी गई है। इन यात्राओं के दौरान **स्वस्थ बालक स्पर्धा (एसबीएस)** भी चलाई जा रही है, जिसमें स्वस्थ बच्चों को सम्मानित किया जाता है। **अब तक 21.04 लाख से अधिक स्वस्थ बच्चों ने इस स्पर्धा में भाग लिया है।**

2. **वीर बाल दिवस का आयोजन**

मंत्रालय ने श्री गुरु गोबिंद सिंहजी के साहिबजादों के अनुकरणीय साहस की स्मृति में 26 दिसंबर 2023 को भारत मंडपम में वीर बाल दिवस का आयोजन किया। इस समारोह में भारत के माननीय प्रधानमंत्री और भारत सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस समारोह का मुख्य आकर्षण श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों की वीरता और बलिदान की याद दिलाने वाली एक लघु फिल्म की स्क्रीनिंग थी। इस अवसर पर, 100 युवा सिख बच्चों द्वारा भक्तिमय शबद कीर्तन का पाठ किया गया, जिसके बाद एक क्यूरेटेड कार्यक्रम में बच्चों द्वारा तीन मार्शल आर्ट रूपों का प्रदर्शन किया गया। समारोह का समापन 500 बच्चों के मार्च पास्ट के साथ हुआ जिसे माननीय प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस समारोह में भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, डीएसजीएमसी, सिख समुदाय के प्रतिनिधि और लगभग 4000 बच्चे और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

3. सीएसओ **कनेक्ट: महिला एवं बाल कल्याण कार्यक्रम** के **लिए** सहयोग को बढ़ावा देना

मंत्रालय ने महिलाओं और बच्चों के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न राज्यों के नागरिक समाज संगठनों (सीएसओ) को मंत्रालय के कार्यकलापों/स्कीमों, अपने तीन मिशनों के तहत मंत्रालय की उपलब्धियों और हाल में की गई पहलों से परिचित कराने के उद्देश्य से 11 से 14 दिसंबर और 18 से 20 दिसंबर 2023 तक दिल्ली में "सीएसओ कनेक्ट" कार्यक्रम में आमंत्रित किया ताकि वे महिलाओं और बच्चों तक इन स्कीमों के लाभों का प्रसार करने में राजदूत के रूप में कार्य कर सकें।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीया महिला एवं बाल विकास मंत्री ने की, तथा उन्होंने सीएसओ के प्रतिनिधियों से बातचीत की और उनसे महिला एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में अपनी चिंताएं/मुद्दे/ सुझाव मंत्रालय के विचारार्थ उठाने के लिए कहा। इस कार्यक्रम में देश भर से 136 सीएसओ ने भागीदारी की।

4. आंगनवाड़ी-सह-क्रेच (पालना) पर राष्ट्रीय कार्यक्रम

पालना स्कीम की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करने के लिए आंगनवाड़ी-सह-क्रेच पर राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम माननीया महिला एवं बाल विकास मंत्री की अध्यक्षता में 21 दिसंबर, 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इसके बाद 'केयर इकोनॉमी: केयर टू एम्पावरमेंट' और 'डे केयर सेंटर/क्रेच को लागू करने में की गई पहलें' विषयों पर दो पैनल चर्चाएं आयोजित की गईं।

*****